चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 13-6-23 | 5 | 1-3 |

# एचएयू के 11 विद्यार्थियों का 'स्टार एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड' और 'मैशियो गैसपारडो प्राइवेट लिमिटेड' में चयन

हिसार, 12 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की कार्उसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत 'स्टार एग्री सीड्स' प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा एरिया सेल्स मैनेजर तथा इटालियन कंपनी 'मैशियो गैसपारडो प्राइवेट लिमिटेड' की भारत में स्थापित शाखा मैशियो गैसपारडो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंजीनियर ट्रेनी पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के 6 विद्यार्थियों का स्टार एग्री सीड्स और 5 विद्यार्थियों का मैशियो गैसपारडो में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी व साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी चयनित विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत इंटरव्यू के आधार पर किया गया था। स्टार एग्री सीड्स में चयनित विद्यार्थियों को 4-5 लाख रुपये वार्षिक और मैशियो गैसपारडो में चयनित विद्यार्थियों को 3-4 लाख रुपये वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने चयनित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर बधाई दी। उन्होंने बताया कि स्टार एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड में चयनित विद्यार्थियों में एम.बी.ए से अजय शर्मा, गौरव, योगेंदर सिंह, प्रभजोत सिंह, ऋतिक यादव व गुरविंदर सिंह शामिल है तथा मैशियो गैसपारडो में चयनित विद्यार्थियों में बी.टेक. (एग्री. इंजीनियरिंग) से अनिल कुमार, रामकिशोर, प्रिंस गोयत, नमन संदीप सिंह तथा जतिन करन सिंह शामिल है। इस अवसर पर छात्र कल्याण (कार्उसिलिंग एवं प्लेसमेंट) में सह निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल ने भी सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हम विश्वविद्यालय में छात्रों की प्लसेमेंट के लिए भारतीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को बुलाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

**विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को दी बधाई**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 13-6-23 | 12 | 7-8 |

कुलपति प्रो. कम्बोज ने छात्रों को दी बधाई

# एचएयू के 11 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत स्टार एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से एरिया सेल्स मैनेजर व इटालियन कंपनी मैशियो गैसपारडो प्राइवेट लिमिटेड की भारत में स्थापित शाखा मैशियो गैसपारडो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंजीनियर ट्रेनी पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें विवि के 6 छात्रों का स्टार एग्री सीड्स और 5 विद्यार्थियों का मैशियो गैसपारडो में चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने इस उपलब्धि पर चयनित छात्रों को बधाई दी व साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा कि स्टार एग्री सीड्स में चयनित छात्रों को 4-5 लाख रुपये और मैशियो गैसपारडो में चयनित विद्यार्थियों को 3-4 लाख रुपये पैकेज दिया जाएगा। स्टार एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड में चयनित विद्यार्थियों में एमबीए से अजय शर्मा, गौरव, योगेंदर सिंह, प्रभजोत सिंह, ऋतिक यादव व गुरविंदर सिंह शामिल है। मैशियो गैसपारडो में चयनित विद्यार्थियों में बीटेक से अनिल, रामकिशोर, प्रिंस गोयत, नमन संदीप तथा जतिन करन सिंह शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 13-6-23 | 2 | 1 |

## एचएयू के 11 विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्टार एग्री सीड्स और मैशियो गैसपारडो इंडिया द्वारा इंजीनियर ट्रेनी के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें छह विद्यार्थियों का स्टार एग्री सीड्स और पांच का मैशियो गैसपारडो में चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। छात्र कल्याण निदेशक डा. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में एमबीए से अजय शर्मा, गौरव, योगेंदर सिंह, प्रभजोत सिंह, ऋतिक यादव व बीटेक (एग्री. इंजीनियरिंग) से अनिल कुमार, रामकिशोर, प्रिंस गोयत, नमन संदीप सिंह तथा जतिन करन सिंह शामिल हैं।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 12.06.2023 | -- | -- |

# एचएयू के 11 विद्यार्थियों का चयन

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत 'स्टार एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा एरिया सेल्स मैनेजर तथा भारत में स्थापित शाखा मैशियो गैसपारडो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंजीनियर ट्रेनी पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के 6 विद्यार्थियों का स्टार एग्री सीड्स और 5 विद्यार्थियों का मैशियो गैसपारडो में चयन हुआ है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि स्टार एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड में चयनित विद्यार्थियों में एम.बी.ए से अजय शर्मा, गौरव, योगेंदर सिंह, प्रभजोत सिंह, ऋतिक यादव व गुरविंदर सिंह शामिल है तथा मैशियो गैसपारडो में चयनित विद्यार्थियों में बी.टेक. (एग्री. इंजीनियरिंग) से अनिल कुमार, रामकिशोर, प्रिंस गोयत, नमन संदीप सिंह तथा जतिन करन सिंह शामिल है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 13-6-23 | 5 | 3-5 |


# एचएयू में आयोजित प्रशिक्षण में मशरूम उत्पादन तकनीक विषय संबंधी में दी जाएगी जानकारी

हिसार, 12 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 14 से 16 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम में मशीनीकरण, विभिन्न मशरूम का बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की मशरूम तकनीकी प्रयोगशाला का भी भ्रमण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में तीनों दिन भाग लेने वाले उम्मीदवारों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 14 जून को ही सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाएं, जिसके बाद वे प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। यह प्रशिक्षण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 13.6.23 | 4 | 6 |

## एचएयू में मशरूम उत्पादन तकनीक की दी जाएगी जानकारी

जासं. हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 14 से 16 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम में मशीनीकरण, विभिन्न मशरूम का बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 13.6.23 | 2 | 8 |

## एचएयू में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण कल

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 14 से 16 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें किसी भी वर्ग, आयु के महिला व पुरुष भाग ले सकते हैं। सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण निशुल्क होगा। इच्छुक व्यक्ति 14 जून को ही सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाएं। पंजीकरण के लिए एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आएं। संवाद

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 12.06.2023 | -- | -- |

# प्रशिक्षण में मशरूम उत्पादन तकनीक विषय के बारे में दी जाएगी जानकारी



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 14 से 16 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम में मशीनीकरण, विभिन्न मशरूम का बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर से चर्चा की जाएगी।

संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की मशरूम तकनीकी प्रयोगशाला का भी भ्रमण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में तीनों दिन भाग लेने वाले उम्मीदवारों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे।

| | |
|---|---|
| | **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय** |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 12.06.2023 | -- | -- |

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मशरूम उत्पादन तकनीक विषय के बारे में दी जाएगी जानकारी

हिसार (प्रवीन कुमार)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 14 से 16 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर मशरूम, दुधिया मशरूम, शीटाके मशरूम, कीड़ाजड़ी मशरूम इत्यादि पर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना, मार्केटिंग एवं लाइसेंसिंग, मशरूम में मशीनीकरण, विभिन्न मशरूम का बीज तैयार करना, मौसमी और वातानुकूलित नियंत्रण में विभिन्न मशरूम को उगाने, मशरूम की जैविक और अजैविक समस्याएं और उनके निदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की मशरूम तकनीकी प्रयोगशाला का भी भ्रमण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में तीनों दिन भाग लेने वाले उम्मीदवारों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 14 जून को ही सुबह 8 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाएं, जिसके बाद वे प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। यह प्रशिक्षण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आएं।